## बाघनगर-ओंकारेश्वर में आदिवासियों की बेदखली पर भड़की कांग्रेस

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** बाघनगर-ओंकारेश्वर क्षेत्र में आदिवासी परिवारों की बेदखली का मामला अब एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक संघर्ष का रूप ले चुका है। इस पूरे विवाद की जड़ में प्रशासन द्वारा आदिवासियों को उनके पुश्तैनी घरों से हटाया जाना है, जिसे लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह के नेतृत्व में पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है।

कांग्रेस का मुख्य विरोध इस बात को लेकर है कि सरकार और स्थानीय प्रशासन ने इन परिवारों को हटाने से पहले उनके रहने की कोई ठोस वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है। उत्तमपाल सिंह ने धरना स्थल पर आदिवासियों के बीच पहुँचकर यह स्पष्ट किया कि विकास या किसी भी अन्य सरकारी योजना के नाम पर आदिवासियों को उनके मूल अधिकारों से वंचित करना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। कांग्रेस ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया है। पार्टी का कहना है कि प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई पूरी तरह से एकतरफा है, जिसमें प्रभावित परिवारों की सुनवाई तक नहीं की जा रही।

कांग्रेस की मांग है कि यदि किसी क्षेत्र विशेष से आदिवासियों का विस्थापन अनिवार्य है, तो सबसे पहले उनका सम्मानजनक पुनर्वास किया जाए। इसमें न केवल उन्हें रहने के लिए पक्के मकान दिए जाएं, बल्कि उनकी जमीन, संपत्ति और आजीविका के हुए नुकसान का उचित और बाजार दर पर मुआवजा भी दिया जाए।जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि ओंकारेश्वर में जारी यह धरना आदिवासियों के स्वाभिमान की लड़ाई बन गया है।



उत्तमपाल सिंह ने इस दौरान मांधाता विधानसभा क्षेत्र के पिछले उदाहरणों, जैसे नरलाए और पंधाना की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार आदिवासियों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने अपना संवेदनहीन रवैया नहीं बदला और आदिवासियों को न्याय नहीं मिला, तो कांग्रेस पूरे जिले में उग्र आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरकर सरकार का विरोध करेगी। फिलहाल, कांग्रेस ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि इन गरीब परिवारों को बेघर होने से बचाया जा सके और उन्हें उचित न्याय मिल सके।

## विधायक तनवे ने सीएम से मुलाकात कर की विकास पर चर्चा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विधायक कंचन मुकेश तनवे ने बुधवार को राजधानी भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर उन्हें खंडवा आने का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए निकट भविष्य में खंडवा प्रवास की सहमति दी। भेंट के दौरान विधायक तनवे ने मुख्यमंत्री को खंडवा विधानसभा क्षेत्र में संचालित वर्तमान परियोजनाओं और भविष्य के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने विशेष रूप से क्षेत्र की अधोसंरचना, जनहित के मुद्दों और विकास की रफ्तार को और अधिक तेज करने का आग्रह किया। विधायक द्वारा उठाए गए विषयों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि खंडवा जिले के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र की जनता के हित में चल रही योजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा और विकास की गति को और अधिक विस्तार दिया जाएगा। यह मुलाकात खंडवा की प्रगति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे आगामी समय में जिले को नई सौगातें और बड़ी परियोजनाओं की मंजूरी मिलने की प्रबल संभावना है।

## एक नजर में

### उत्कृष्ट विद्यालय 11वीं में प्रवेश शुरू

**खंडवा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा में कक्षा 11वीं में संकायवार रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी दी कि जिले की अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्यालय परिसर में संचालित की जा रही है। विद्यालय के अपने विद्यार्थियों को प्रवेश देने के बाद शेष बची सीटों पर अन्य मेधावी विद्यार्थियों को अवसर दिया जाएगा।प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं की ऑनलाइन अंकसूची के साथ विद्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर उसी दिन जमा करना होगा। प्राप्त आवेदनों के आधार पर कक्षा 10वीं के अंकों के अनुसार मेरिट सूची तैयार की जाएगी। विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज जमा कर कक्षा 11वीं में अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।

### मोरटक्का में सड़क किनारे मिर्ची की दुकानें प्रतिबंधित

**खंडवा।** पुनासा के एसडीएम पंकज वर्मा ने मांधाता तहसील के ग्राम मोरटक्का माफी में जनस्वास्थ्य, जन सुरक्षा एवं लोक बाधा को दृष्टिगत रखते हुये मिर्ची व्यापारियों द्वारा मार्ग के दोनो और लगाई जाने वाली मिर्ची की दुकानों को लगाना, पूर्णत: प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने थाना प्रभारी मांधाता, ग्राम पंचायत मोरटक्का माफी एवं अतिरिक्त तहसीलदार टप्पा मांधाता को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन करने की स्थिति में सम्बंधित दुकान की सामग्री को जप्त कर दुकान हटाने की कारवाई की जायेगी, तथा संबधित व्यक्ति के विरूद्व विधि अनुसार कार्यवाही कर अर्थदण्ड से दंडित किया जायेगा।

### पोषण पखवाड़े के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला

**खंडवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को खंडवा जिले में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष पोषण पखवाड़ें की थीम है जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास । जिसका उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य को बढ़ावा देना। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमति रत्ना शर्मा, समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक पोषण अभियान, जिला परियोजना सहायक एवं समस्त परियोजना समन्वयक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पोषण पर आधारितं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर तैयार किये गए पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को पोषण शपथ दिलाई गई ।

### पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून

**खंडवा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जानकारी दी कि पोस्ट मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावासों में नवीन प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके साथ ही प्री मैट्रिक विमुक्त जाति बालक छात्रावास खंडवा, हरसूद तथा कन्या छात्रावास भगवानपुरा, मलगांव और पुनासा में भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।छात्रावास में रहकर अध्ययन करने के इच्छुक छात्र-छात्राएं संबंधित छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिकाओं से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और 30 जून तक पूर्ण रूप से भरकर उसी छात्रावास में जमा करना होगा। विभाग ने पात्र विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन कर सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

### बीजेपी मंडल अध्यक्ष के बेटे पर आईटी एक्ट में केस

**खंडवा।** जिले में सोशल मीडिया के दुरुपयोग का मामला सामने आया है, जहां फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर एक परिवार की छवि खराब करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम खिराला निवासी शेख रईस ने 18 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी।


दैनिक नवभारत

मूंदी में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने एवं समाचार के लिए संपर्क करें

चरक न्यूज एजेंसी, मूंदी

रिजवान कुरैशी (प्रतिनिधि) मो. 9826545003

छैगांवमाखन में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने एवं समाचार के लिए संपर्क करें

लाड़ न्यूज एजेंसी, छैगांवमाखन

रंजना अमित लाड़ (प्रतिनिधि) मो. 7828819062

बीड़ में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने एवं समाचार के लिए संपर्क करें

पूर्वी न्यूज एजेंसी, बीड़

राजेन्द्र सोनी (प्रतिनिधि) मो.9424710031,9617086499




## सांदीपनि विद्यालय पंधाना में जागरूकता और संकल्प के साथ मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**नवभारत न्यूज़**

**पंधाना।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंधाना में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध रचनात्मक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल ही जीवन है, पेड़ लगाओ-पृथ्वी बचाओ जैसे प्रेरक संदेशों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से पधारी आदरणीय सुरेखा दीदी ने अपने उद्बोधन में पृथ्वी को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया। उन्होंने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे पर्यावरणीय कदम अपनाने की प्रेरणा भी दी।इसी क्रम में प्रतीक जैन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संतुलन, वृक्षारोपण के महत्व एवं प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके प्रेरक उद्बोधन से विद्यार्थियों में पृथ्वी संरक्षण के प्रति नई जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## संयुक्त कृषक संगठन का आंदोलन कल

**सरकार के खिलाफ बोलेंगे हल्ला**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर संयुक्त कृषक संगठन के नेतृत्व में 24 अप्रैल को आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत किसान खंडवा के देवनारायण चौक स्थित पुरानी अनाज मंडी में सुबह 10 बजे एकत्रित होंगे। संगठन ने बताया कि सेटेलाइट सर्वे आधारित सत्यापित डाटा प्रणाली को रोकते हुए पटवारी गिरदावरी के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू की जाए।

साथ ही जिले के औसत उत्पादन के आधार पर खरीदी करने और स्लॉट बुकिंग में कम उपज दिखाकर विक्रय प्रक्रिया में हो रही बाधाओं को समाप्त करने की मांग की गई है। किसानों का कहना है कि जिनका गेहूं खरीदा जा चुका है, उन्हें सेटेलाइट डाटा के आधार पर अयोग्य घोषित कर दिया गया है, ऐसे किसानों के बिल बनाकर शीघ्र भुगतान किया जाए।

इसके अलावा गेहूं स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 20 मई और खरीदी की अवधि 30 जून तक बढ़ाने, खरीदी केंद्रों व कांटों की संख्या बढ़ाने की भी मांग रखी गई है। संगठन ने चना खरीदी के भुगतान में देरी पर भी नाराजगी जताई है और जल्द भुगतान की मांग की है। साथ ही यदि सरकार सेटेलाइट प्रणाली लागू रखती है तो किसानों को 400 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग की गई है, ताकि वे अपनी उपज मंडी में बेच सकें।

इसके अलावा पराली जलाने से जुड़े प्रकरणों को निरस्त करने की भी मांग उठाई गई है। संगठन ने सभी किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा ।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संजीव श्रीवास्तव (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराएं, ताकि पक्षकारों को त्वरित, सुलभ और किफायती न्याय मिल सके।उन्होंने कहा कि लोक अदालत के जरिए न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि आपसी सहमति से विवादों का स्थायी समाधान भी संभव होता है।इस दौरान उत्सव चतुर्वेदी (विशेष न्यायाधीश एवं संयोजक, नेशनल लोक अदालत) ने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश



डालते हुए इसे सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी मंच बताया। उन्होंने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निराकरण के लिए प्रेरित करें।बैठक में योगराज उपाध्याय (प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय), अनिल चौधरी, अरविंद सिंह टेकाम, आशीष प्रताप सिंह, वीरेंद्र जोशी, ठाकुर प्रसाद मालवीय (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) तथा अरविंद सिंह सहित न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।इसके अलावा जिला अधिवक्ता संघ खंडवा के अध्यक्ष रविंद्र पाथरीकर एवं अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। लोक अदालत को सफल बनाने और प्रकरणों के निराकरण के लिए समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया।

## पंधाना में स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण

**खण्डवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बुधवार को पंधाना विकासखण्ड में स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर स्वास्थ्य गतिविधियां देखी। उन्होने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगोट का निरीक्षण कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। डॉ जुगतावत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरगांबुजुर्ग, गांधवा तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र सराय का भी निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में चिकित्सको, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों व स्टॉफ से चर्चा कर उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश दिए तथा गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य संस्थाओं में दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सराय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी निरीक्षण किया।




## महिला आरक्षण बिल लागू करने की मांग कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिला कांग्रेस कमेटी खंडवा शहर की समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को गांधी भवन में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकमत से कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए इस बिल का जल्द क्रियान्वयन जरूरी है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में त्वरित कदम उठाने की मांग की।इसके साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंडलम और वार्ड स्तर पर कमेटियों के गठन का निर्णय लिया गया, ताकि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और सशक्त किया जा सके।बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होमगार्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण सुनी सैनिकों की समस्याएं



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** होमगार्ड विभाग के डिवीजनल कमांडेंट बीपी वर्मा ने बुधवार को होमगार्ड कार्यालय खंडवा का औचक निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य कार्यालयीन कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना एवं सैनिकों की कार्यक्षमता का मूल्यांकन करना रहा।

निरीक्षण के बाद वर्मा ने होमगार्ड सैनिकों के साथ सम्मेलन आयोजित कर उनसे सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली तथा उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने सैनिकों को अनुशासन, समर्पण और निष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आशीष कुमार कुशवाहा (जिला सेनानी खंडवा), प्लाटून कमांडर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के सैनिक भी सम्मेलन में शामिल हुए।

**एक नजर** | संस्कार भारती मालवा प्रांत खंडवा इकाई का आयोजन

## प्राचीन विट्ठल मंदिर में रंगोली बनाकर मनाया भू अलंकरण दिवस

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** संस्कार भारती मालवा प्रांत खंडवा इकाई द्वारा समय समय पर धर्म से जुड़े एवं समाज सेवा के कार्य एवं कार्यकम व्यवस्थित रूप से किए जाते हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने ने बताया कि संस्कार भारती प्रतिवर्ष 22 अप्रैल अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के दिन को रंगोली कला के माध्यम से भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाती है। संस्कार भारती के अध्यक्ष विजय सोनी ने बताया कि इस वर्ष प्रांत द्वारा भेजे गए प्रारूप में ज्ञान कमल का निर्माण किया गया है, यह ज्ञान कमल हमारी आंतरिक क्षमता और ज्ञान को गहराई से समझने और पहचानने का प्रतीक है।




हमें आत्म चिंतन और आत्म विकास की दिशा में प्रेषित करता है। इसके साथ ही भारत के विभिन्न प्रांतो की पारंपरिक रंगोली शैलियों जैसे मांडना,मुग्गू, अल्पना, संस्कार भारती की केंद्र वर्धिनी शैली और तमिलनाडु की कोलम को जोड़ते हुए एक सुंदर श्रृंखला का प्रस्तुतीकरण किया गया है। यह विविधता में एकता के भाव को प्रकट करती है और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाती है।

भारतीय संस्कृति की यह नित्य नवीन रंगोली हमें स्वबोध और आत्म जागरूकता की ओर अग्रसर होने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करती है। महामंत्री मोनिका पालीवाल, उपाध्यक्ष बीना शाह एवं दृश्य कला विधा संयोजक धर्मेंद्र जौहरी द्वारा प्रांत से प्राप्त प्रारूप को रंगोली से बनाया गया।

अनिल बाहेती ने बताया कि आगामी माह में संस्कार भारती द्वारा रंगोली की कार्यशाला की जाएगी। इस अवसर पर संरक्षक योगेश कोटवाले ,मनोज जोशी, शर्मिष्ठा तोमर, श्याम आष्टेकर , राम आष्टेकर,सुनील जैन एवं संस्कार भारती सदस्य उपस्थित थे।आभार साहित्य विधा प्रमुख पण्डित आलोक शुक्ला ने माना।